Exemption under section 80G by Order No. आ.आ./जय-11/ आ.आ. (त. एवं त्या.) 2010-11/237 Dated : 03.05.2010

।। श्री श्रीनाथो जयते।।

INTERNATIONAL DHRUVPAD-DHAAM TRUST

A public Charitable trust working for upliftment of the glorious heritage of Indian classical music.

118-A, Shri Gokul Manjari, Gator Road, Brahmpuri, Jaipur (Raj.) Ph.: 0141-2671259 Mobile: 94143-36936, 9928277833

कल्याण के दुर्लभ 21 प्रकारों का पांच दिवसीय ध्रुवपद–प्रशिक्षण–कार्यशाला ''जगद्कल्याणम्'' में प्रशिक्षण

इन्टरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट एवं **लाइफ लोंग लर्निंग विभाग, राजस्थान विश्वविद्यायल** द्वारा **कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्थान सरकार के सहयोग** से **दिनांक 15 से 19 मार्च 2019** को **राजस्थान** विश्वविद्यालय के लाइफलोंग लर्निंग विभाग में दोपहर 3 से 5 बजे तक ध्रुवपद–प्रशिक्षण–कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विख्यात ध्रुवपद–गुरू पं. लक्ष्मण भट्ट तैलंग के मार्गदर्शन में उन्हीं की शिष्या एवं पुत्री ध्रुवपद–गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग विद्यार्थियों को ध्रुवपद–प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। पिछले 25 वर्षों से लगातार प्रतिवर्ष आयोजित हो रही इस कार्यशाला में पुलवामा के शहीदों के परिवार के कल्याण की कामना से भारतीय शास्त्रीय संगीत की लोकप्रिय कल्याण राग, उसके थाट एवं अंगों के 21 कल्याण प्रकारों की रागमाला का ध्रुवपद शैली में नवाचार के रूप में डॉ. मधु भट्ट तैलंग द्वारा सृजन किया गया है जिसका प्रशिक्षण इस कार्यशाला में विद्यार्थी प्राप्त करेंगे। गौरतलब है कि विभिन्न पाठ्यक्रमों में 21 प्रकारों का एक साथ अध्ययन दुर्लभ होता है, जिससे विद्यार्थी उसके ज्ञान से वंचित रह जाते हैं। इसके मद्देनज़र डॉ. भट्ट ने विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया है। कार्यशाला के समापन पर युवा समारोह के रूप में प्रशिक्षणार्थियों का प्रदर्शन होगा एवं इस क्षेत्र में सक्रिय आमंत्रित युवा कलाकारों की प्रस्तुति भी होगी। प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण कार्यशाला के उद्घाटन स्थल पर ही किया जायेगा। कार्यशाला में इच्छुक विद्यार्थी 9928277833 पर सम्पर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं।

MBhatt

(डॉ. मधु भट्ट तैलंग)
संयोजिका कार्यशाला